Need to depict the images of Pandit Ram Prasad Bismil,Thakur Roshan Singh and Ashfaq Ulla Khan at the Shahjahanpur Railway Station- laid

श्री अरूण कुमार सागर (शाहजहाँपुर): उत्तर प्रदेश राज्य के लोकसभा क्षेत्र शाहजहांपुर को शहीदों की नगरी के नाम से भी जाना जाता है। शाहजहांपुर संसदीय क्षेत्र भारतीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पंडित राम प्रसाद बिस्मिल, ठाकुर रोशन सिंह और अशफाक उल्ला खान की जन्मस्थली है तथा इन वीर सपूतों ने देश को गुलामी की जंजीरों से आजादी दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम ऐसे क्रांतिकारी के कारनामों से भरा हुआ है, जिन्होंने अपनी चिंगारी से युवाओं को रोशन किया है और क्रांति तथा जग चेतन जगा कर देश को एक नई दिशा दी है।

आज रेल परिवहन देश का एक महत्वपूर्ण साधन है। देश के एक कोने से लेकर दूसरे कोने तक जाने हेतु लोग रेल की मदद लेते हैं। देश के अलग-अलग राज्यों में कुछ ऐसे रेलवे स्टेशन भी हैं, जिनके नाम क्रांतिकारी या स्वतंत्रता सेनानियों के नाम पर रखे गए हैं । दरअसल, देश की आजादी में कई लोगों ने अपना अभूतपूर्व योगदान दिया, लेकिन फिर भी लोग इनके बारे में कम जानते हैं। यह हम सभी के लिए प्रसन्नता की बात है कि हमारे देश के रेलवे स्टेशन ऐसे ही सेनानियों व उनके त्याग को हमेशा जिंदा रखने में मदद करते हैं।

मेरा अनुरोध है कि देश की 75वीं वर्षगांठ और अमृत महोत्सव के शुभ अवसर पर शाहजहांपुर संसदीय क्षेत्र के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पंडित रामप्रसाद बिस्मिल, ठाकुर रोशन सिंह और अशफाक उल्ला खान की स्मृति और सम्मान में शाहजहांपुर रेलवे स्टेशन पर इन सभी को उनकी चित्रकारिता से संयोजित करवा कर संदेह कारण सौंदर्यीकरण किए जाने हेतु समुचित कार्यवाही की जाए।